Need to provide stoppage of train Nos. 22823/22824 (Bhubaneswar - New Delhi), 12301/12302 (Howrah-New Delhi) at Sasaram Junction, Bihar-laid

श्री छेदी पासवान (सासाराम): मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय सासाराम शहर एक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व धरोहर वाला शहर है । यह बौद्ध सर्किट में स्थित एक बड़ा व्यापारिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र है । यहां पर देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा है, जहां पूरे वर्ष देश-विदेश के पर्यटकों का आवागमन लगा रहता है । यहां स्थित शेरशाह का मकबरा भी ऐतिहासिक पर्यटक स्थल के रूप में दुनिया में प्रसिद्ध है । ज्ञातव्य हो कि राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव हेतु पूर्व में अनेकों पत्राचार किए गए हैं परंतु अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई । अतः अनुरोध है कि विशेष परिस्थिति में पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय) मंडल अंतर्गत सासाराम जंक्शन पर गाड़ी नंबर 22823/22824 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस एवं गाड़ी नंबर 12301/12302 हावड़ा - नई दिल्ली एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व मध्य रेलवे के सासाराम जंक्शन पर सुनिश्चित करने की कृपा की जाए ।